पृष्ठ सं० ..................

हरकोर्ट बटलर
प्राविधिक विश्वविद्यालय,
कानपुर, उ०प्र०

# टिप्पणी एवं आदेश

अनुभाग: शैक्षिक अनुभाग

पत्रावली सं० 144B/Acad./AC/2025

दिनांक: 11-03-25

FTS. No.: ..........................................................................

**मा० कुलपति महोदय**

कृपया विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की 23वीं बैठक दिनांक मार्च 10, 2025 को ऑफलाइन / ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुयी। बैठक के कार्यवृत्त पत्रावली के दाई ओर संलग्न है।

आपसे अनुरोध है कि उक्त का अवलोकन करते हुये अनुमोदन प्रदान करने की कृपा करें।

11/03/2025

Prof. Lalit Kumar Singh
Dean of Academic Affairs
HBTU, Kanpur

Approved

17/3/2025

DCAA

कुलपति
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर-2

## हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक मार्च 10, 2025 दिन सोमवार को अपरान्ह 03:00 बजे विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न 23वीं बैठक का कार्यवृत्तः

विद्या परिषद् की सम्पन्न 22वीं बैठक में निम्नवत् सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अन्नावि दिनेशकुमार, विशेष सचिव, प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 अरूण मोहन शेरी, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 अनुराग त्रिपाठी, अधिष्ठाता, यू0जी0, आक0प्रा0वि, लखनऊ, प्रतिनिधि मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 अनिल वर्मा, आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज। | सदस्य |
| 7. | प्रो0 बी0आर0 गुर्जर, आई0आई0टी0, रूड़की। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 विनय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 जी0एल0 देवनानी, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 मनोज कुमार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 एस0के0 शर्मा, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभागएवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 जितेन्द्र भास्कर, अधिष्ठाता, उद्भवन हब, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 दिप्तीक परमार, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 राम नरेश त्रिपाठी, अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्टरप्रोर्न्योशिप एण्ड मैनजमेन्ट एवं विभागाध्यक्ष, गणित विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 आशीष कपूर, अधिष्ठाता, अंतर्राष्ट्रीय छात्र क्रियाकलाप एवं विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 अनिता यादव, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | प्रो0 आनन्द कुमार, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | प्रो0 अरूण मैथानी, विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | प्रो0 विवेक कुमार, विभागाध्यक्ष, फूड टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | प्रो0 दीपेश सिंह, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | प्रो0 आशुतोष सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | प्रो0 पी0के0एस0 यादव, विभागाध्यक्ष, ऑयल टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | प्रो0 सी0एन0 सिंह, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 28. | डा0 सन्तोष कुमार, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 29. | डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 30. | डा0 प्रमोद कुमार शर्मा, पुस्तकालयाध्यक्ष, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 31. | डा0 नवीन कुमार गुप्ता, प्रोफेसर, सेवायोजन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 32. | डा0 नन्दकिशोर, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 33. | डा0 राशी अग्रवाल, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 34. | प्रो0 ललित कुमार सिंह, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड जैविक विज्ञान एवं विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 जे0 राम कुमार, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विशाल वर्मा, डी0टी0यू0, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | डा0 दीपक कुमार, कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | डा0 राजकमल कुशवाहा, सहायक अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |

मा0 कुलपति द्वारा विद्या परिषद् के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुये उन्हें विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. जनवरी 2025 से इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग नवीन भवन में शिफ्ट हो चुका है और कक्षाओं का प्रारम्भ हो चुका है।

2. विश्वविद्यालय के 1973 बैच के एल्युमिनी श्री प्रमोद चन्द्र मेहनोत द्वारा प्रदत्त रू0 65.00 लाख से फूड टेक्नोलॉजी विभाग के अन्तर्गत सेन्टर आफ एक्सीलेन्स की स्थापना की जा रही है।

3. विश्वविद्यालय के पेन्ट टेक्नोलॉजी विभाग में PACT (Paint and Coting Technologists Association) द्वारा स्थापित सेन्टर आफ एक्सीलेन्स का दिनांक 01/03/2025 को उद्घाटन किया गया।

4. वर्तमान शैक्षिक सत्र में अन्तिम वर्ष के छात्रों की सेवायोजन गतिविधियॉ जारी हैं, अद्यतन 100 कम्पनियों द्वारा विश्वविद्यालय कैम्पस भ्रमण किया गया है तथा कम्पनियों द्वारा 650 6.5 CGPA) अर्ह छात्रों में से 360 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है।

5. छात्रों के आवागमन को सुविधाजनक बनाने हेतु 01 बस का क्रय किया जा चुका है।

6. विश्वविद्यालय द्वारा एन0आई0आर0एफ0 और क्यू0एस0 रैकिंग हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

7. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग की आधारभूत संरचना में वृद्धि हेतु विभाग में नये कक्षों, सेमीनार हाल इत्यादि का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो गया है।

8. विश्वविद्यालय में नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। ए0पी0आई0 की प्रथम लिस्ट जारी की जा चुकी है एवं लिखित परीक्षा दिनांक 30/03/2024 को निर्धारित है तथा दिनांक 19–25 अप्रैल, 2025 के मध्य साक्षात्कार सम्पन्न किये जायेंगे।

9. विश्वविद्यालय द्वारा नये कोर्स जैसे M.Tech. in Structure Engg., M.Tech. in Biotechnology, MSc. Microbiology, MSc. Biochemistry प्रारम्भ किये जाने की योजना है और पूर्व संचालित कोर्स M.Tech. in Electronics and Communication को Signal Processing and Machine Learning के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है।

**मद सं0 23.01 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 14.11.2024 को सम्पन्न 22वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 14.11.2024 को सम्पन्न 22वीं विद्या परिषद् की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 23.02 विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 14.11.2024 को सम्पन्न 22वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 14.11.2024 को सम्पन्न 22वीं विद्या परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण से संज्ञानित हुई। इसके साथ ही मद सं0 22.02 पर पोस्ट डाक्टरल फैलोशिप प्रोग्राम प्रारम्भ किये जाने हेतु समस्त विभागाध्यक्षों एवं अधिष्ठाताओं की बैठक में लिए गये विचार–विमर्श पर परिषद् ने निम्नवत निर्णय लियेः

| Sr. No. | Reference Point in the PDF Policy | Suggestion & Remark | Approved by AC |
|---|---|---|---|
| 1. | Point No. 4 - Policy for Post Doctoral Program | Management Studies be included in the third line alongwith other areas<br>**Remarks:** Incorporated | Approved |
| 2. | Point No. 4.4(v)- Leave Policy for Teaching Staff | It is noted that teaching staff in the Department of Management Studies are not eligible for Medical Leave and Child Care Leave. This point should be taken into consideration, and appropriate provisions may be made for PDF in line with the leave policies applicable to teaching staff.<br>**Remarks:** To be decided | Only Casual Leave is approved as per rule. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | Point No. 4.1 Eligibility | The percentage marks should be increased from 55% to 60% with 5% relaxation for SC/ST/OBC/PWD /Women candidates<br>**Remarks:** 55% marks are as per AICTE policy.<br>To be decided | As per AICTE Policy |
| 4. | General: PDF Supervisor | There should be provision for Co-Supervisor/C0-Mentor<br>**Remarks:** To be decided | As per the need of research if interdisciplinary in nature. |
| 5. | Point No. 4.5 Assignment (v)Teaching Load | It is proposed to keep maximum of 8 hrs. academic load<br>**Remarks:** To be decided | 4 hrs academic load is offer. |
| 6. | General: Number of Fellowships | Number of seats and candidate allocation to various Departments/ Schools should be clearly defined & communicated<br>**Remarks:** To be decided | 01 seat in each school .i.e, 06 seat in 06 school |
| 7. | Point No. 4.2 Selection Process (b) | It is suggested to include an outside member from any other Department of the University as nominated by Hon'ble Vice Chancellor<br>**Remarks:** To be decided | Outside member should be from other institutions |
| 8. | General | Points not covered in the proposal should be as per AICTE norms<br>**Remarks:** To be decided | Approved |
| 9. | Point No. 4.1 Eligibility | There should be no upper age limit for the award of PDF<br>**Remarks:** As per PDF Policy of the AICTE it is 35 Years.<br>To be decided | Approved |
| 10. | Point No. 4.3 Tenure of the Fellowship (i) | Satisfactory research work must be disclosed in terms of one research publication communicated/accepted/ published in SCI/SCOPUS journal.<br>**Remarks:** Earlier it was included but as per AICTE there is no such requirement<br>To be decided | As per the AICTE PDF Policy |
| 11. | Point No. 4.5 Assignment (v) | Teaching Load should be 4 hrs. per week<br>**Remarks:** To be decided | Approved |
| 12. | Point No. 4.6 Application Process | In the application form there should be a column for taking recommendation of the Ph.D. Supervisor.<br>**Remarks:** To be decided | Approved |

उक्त निर्णयों के साथ कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.03** **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024–25 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024–25 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार करते हुये सेवायोजन पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 23.04** **विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की परीक्षा समिति की बैठक के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय की परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त का संज्ञान लेते हुये निम्न बिन्दुओं पर निर्णय लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया:

1. विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के द्वितीय मिड सेमेस्टर परीक्षा हेतु उपस्थिति प्रथम मिड सेमेस्टर परीक्षा से द्वितीय मिड सेमेस्टर परीक्षा के मध्य ही आँगणित की जायेगी।
2. बिन्दु सं0 07 पर परिषद् ने विचारोपरान्त विश्वविद्यालय में अवकाश के दिन यदि कोई भी परीक्षा संचालित होती है, तो ऐसी स्थिति में परीक्षा कार्यो से सम्बद्ध कर्मियों को उक्त कार्य हेतु मानदेय अनुमन्य न होने की स्थिति पर प्रतिपूर्ति अवकाश देय होगा, जो कि परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रदान किया जायेगा, पर अनुमोदन प्रदान किया।
3. विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक के कार्यवृत्त में परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के कार्यो हेतु शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जाने वाले मानदेय सम्बन्धी प्रस्ताव को वित्त विभाग को प्रेषित किया जाये।

**मद सं0 23.05** **विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग /इन्टर्नशिप के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग /इन्टर्नशिप बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में दी गई व्यवस्था को अपनाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया साथ ही एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में समावेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 23.06** **विश्वविद्यालय में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग /इन्टर्नशिप के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग /इन्टर्नशिप बी0टेक0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में दी गई व्यवस्था को अपनाये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया साथ ही एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम के अध्यादेश में समावेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही परिषद् ने बी0टेक0 पाठ्यक्रम की भाँति ट्रेनिंग /इन्टर्नशिप की व्यवस्था समस्त स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में अपनाये जाने पर भी अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.07** **विश्वविद्यालय में संचालित बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग / इन्टर्नशिप के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित बी0टेक0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्रों की ट्रेनिंग / इन्टर्नशिप का संज्ञान लेते हुये छात्रों द्वारा विभिन्न संस्थाओं में ट्रेनी पद पर 06 माह से 01 वर्ष तक के लिये की गई ट्रेनिंग को एक्सटेन्डेड इन्टर्नशिप के समतुल्य मानते हुये मान्यता प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.08** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के छात्र श्री रितिक कटियार अनुक्रमांक 170101016 द्वारा कैरी ओवर परीक्षा हेतु प्रेषित प्रार्थना–पत्र के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के बी0टेक0 पाठ्यक्रम के बायोकेमिकल इंजी0 विभाग के छात्र श्री रितिक कटियार अनुक्रमांक 170101016 द्वारा कैरी ओवर परीक्षा हेतु प्रेषित प्रार्थना–पत्र में EME 102 की मिड सेमेस्टर की परीक्षा दिये जाने का अनुरोध किया है, जिस पर मा0 कुलपति महोदय ने NEP 2020/ ABC Policy के अन्तर्गत छात्र को परीक्षा दिये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया है, का परिषद् ने संज्ञान लिया।

**मद सं0 23.09** **विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों मे अध्ययन के मध्य में यदि किसी छात्र की आकस्मिक मृत्यु/अपंग हो जाने की स्थिति में छात्र की जमा शिक्षण शुल्क वापसी को वापस किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों मे अध्ययन के मध्य में यदि किसी छात्र की आकस्मिक मृत्यु/अपंग हो जाने की स्थिति में छात्र की जमा शिक्षण शुल्क वापसी को वापस किये जाने सम्बन्धी शासनादेश का संज्ञान लेते हुये निर्देशित किया की छात्र–छात्रा के "अध्ययनरत शैक्षिक सत्र" का शिक्षण शुल्क एवं शेष छात्रावास / मेस शुल्क वापस किये जाने के साथ ही विश्वविद्यालय की नियमावली/समस्त पाठ्यक्रम के अध्यादेशो में इस व्यवस्था को समावेशित करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 24.10** **विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम (Power Electronics & Control) के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग में संचालित एम0टेक0 पाठ्यक्रम (Power Electronics & Control) के द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार कोर्स विन्यास एवं मूल्यांकन पद्धति का संज्ञान लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.11** **विश्वविद्यालय के कार्यालय अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा प्रेषित प्रस्ताव, जिसमें छात्रों को विश्वविद्यालय छात्र क्रियाकलाप परिषद् के अर्न्तगत 50 अंको का सामान्य प्रवीणता (GP) दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के कार्यालय अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के पत्रांक–2245/आ0छा0क0/2025 दिनांक 15.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करते हुये अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, चीफ प्रॉक्टर एवं छात्र क्रियाकलाप परिषद् कार्यालय का पूरे सत्र हेतु 50 अंको का सामान्य प्रवीणता (GP) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रभावी किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को निर्देशित किया कि अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को उक्त प्रकरण से अवश्य रूप से संज्ञानित किया जाये।

**मद सं0 23.12** **विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में परास्नातक नवीन विधा (Signal Processing and Machine Learning) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में परास्नातक नवीन विधा (Signal Processing and Machine Learning) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये परिषद् ने निर्देशित किया कि उक्त विधा अभातशिप के नामपद्धति (AICTE Nomenclature) के अनुसार स्वीकृत करते हुये अनुमोदन हेतु अध्यक्ष, विद्या परिषद् एवं मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**मद सं0 23.13** **विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग में संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम की बी0ओ0एस0 के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 विभाग के पत्रांक 1368/सी0ई0डी0/2025 दिनांक 20.02.2025 में सम्पन्न बी0ओ0एस0 की बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु सं0 9.1 पर परिषद् ने विचारोपरान्त स्नातक कोर्स Engineering Graphics को Hybrid mode में संचालित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

बिन्दु सं0 9.2 में नवीन पाठ्यक्रम M.Tech. in Structural Engineering शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.14** **विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Tech. Biotechnology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Tech. Biotechnology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को वर्तमान सत्र में स्थगित रखते हुये अगामी शैक्षिक सत्र हेतु पुर्नविचार कर प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं० 23.15** **विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Microbiology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Microbiology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को वर्तमान सत्र में स्थगित रखते हुये अगामी शैक्षिक सत्र हेतु पुर्नविचार कर प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं० 23.16** **विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Biochemistry) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Biochemistry) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं० 23.17** **विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Biotechnology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में स्थापित नवीन स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल एण्ड बायोलाजिकल सांइसेस के अन्तर्गत परास्नातक नवीन विधा (M.Sc. Biotechnology) शैक्षिक सत्र 2025–26 से प्रारम्भ किये जाने पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.18** **विश्वविद्यालय में दिनांक 03.03.2025 को सम्पन्न 22वीं प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में दिनांक 03.03.2025 को समपन्न 22वीं प्रवेश समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.19** **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

**मद सं0 23.19.01** **विश्वविद्यालय में संचालित बी0फार्म0 पाठ्यक्रम का अध्यादेश के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में संचालित बी0फार्म0 पाठ्यक्रम का अध्यादेश शैक्षिक सत्र 2024–25 से लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 23.19.02** **विश्वविद्यालय में संचालित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु 4–वर्षीय/8–सेमेस्टर स्नातक उपाधि के बाद प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार जिन्हें प्रासंगिक क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्ष का कार्य अनुभव प्राप्त है, को 5 प्रतिशत अंको या ग्रेड में समतुल्य की छूट प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

11/03/2025

**(प्रो0 ललित कुमार सिंह)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं
सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्